**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2088**

**दिनांक 12.02.2026 को उत्तर के लिए नियत**

**ओडिशा में राष्ट्रीय एससी-एसटी हब योजना**

**2088. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों तथा वर्ष 2025-26 में अब तक ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय एससी-एसटी हब योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत लाभान्वित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उद्यमियों की जिला-वार एवं घटक-वार संख्या क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत ओडिशा में आयोजित विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रमों (एसवीडीपी), बड़े आयोजनों और गोलमेज चर्चाओं सहित आयोजन स्थल, केंद्री सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) की भागीदारी, विक्रेता पंजीकरण और प्रदान किए गए अनुबंधों के संबंध में प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है;

(ग) एमएसएमई 'संबंध' पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों के दौरान ओडिशा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व वाली सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से सार्वजनिक खरीद का मूल्य और हिस्सेदारी क्या है और यह अनिवार्य 4 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में कितना है; और

(घ) ओडिशा में सार्जनिक खरीद में विद्यमान अंतरालों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं तथा सार्वजिनक खरीद नीति के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क):** पिछले तीन वर्षों के दौरान और चालू वर्ष में राष्ट्रीय एससी-एसटी हब (एनएसएसएच) स्कीम के विभिन्न घटकों के अंतर्गत ओडिशा के एससी/एसटी लाभार्थियों की संख्या **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

**(ख):** पिछले तीन वर्षों के दौरान और 2025-26 में ओडिशा राज्य में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के सहयोग से कुल 40 विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम (एसवीडीपी) आयोजित किए गए हैं। ऐसे सहभागी एसवीडीपी और सीपीएसई के स्थान अनुबंध- **II** में संलग्न हैं।

इसके अलावा, ओडिशा राज्य में भुवनेश्वर (1), कोरापुट (1) और मयूरभंज के बारीपदा (02) में 04 मेगा कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य सरकार, राष्ट्रीय एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और पारादीप रिफाइनरी जैसे सीपीएसई; वित्तीय संस्थानों, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और सरकारी ई मार्केटप्लेस (जेम) जैसे प्रमुख हितधारकों ने इन कॉन्क्लेव में भाग लिया। ऐसे आयोजनों के परिणाम सार्वजनिक खरीद में एससी/एसटी एमएसई की हिस्सेदारी, उद्यम पर पंजीकरण और जेएम पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग में वृद्धि को दर्शाते हैं।

**(ग):** सूक्ष्म और लघु उद्यमों से सार्वजनिक खरीद की प्रगति की निगरानी के लिए सभी सीपीएसई द्वारा खरीद विवरण अपलोड करने के लिए एमएसएमई संबंध पोर्टल की शुरुआत की गई है। एमएसएमई संबंध पोर्टल में सार्वजनिक खरीद के राज्य-वार डेटा का रख-रखाव नहीं किया जाता है। 'एमएसएमई संबंध' पोर्टल के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान खरीद में एमएसई और एससी/एसटी एमएसई से सार्वजनिक खरीद का हिस्सा निम्नानुसार है:

(मूल्य: रुपए करोड़ में)

| वर्ष | एमएसई से खरीद | एससी/एसटी एमएसई से खरीद |
|---|---|---|
| 2020-21 | 40717.67<br>(29.21%) | 767.53<br>(0.55%) |
| 2021-22 | 53778.58<br>(32.52%) | 1302.50<br>(0.79%) |
| 2022-23 | 64679.11<br>(37.10%) | 1546.91<br>(0.89%) |
| 2023-24 | 74800.26<br>(43.74%) | 1761.77<br>(1.03%) |
| 2024-25 | 93244.10<br>(43.19%) | 3731.93<br>(1.73%) |

**(घ):** ओडिशा सहित देश भर में खरीद में अंतर को दूर करने के लिए किए गए उपाय निम्नानुसार हैं:

(i) एमएसएमई मंत्रालय ने 8 दिसंबर, 2017 को "एमएसएमई-संबंध पोर्टल" की शुरुआत की। यह पोर्टल केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) द्वारा खरीद की सक्रिय निगरानी में सहायता प्रदान करता है।

(ii) एमएसएमई मंत्रालय नीति के अंतर्गत लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयोजन से सीपीएसई के साथ बेहतर समन्वय के लिए लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। जब भी आवश्यक होने या मांगे जाने पर, एमएसएमई मंत्रालय एमएसई के लिए लोक प्रापण नीति पर पत्र और स्पष्टीकरण भी जारी करता है।

(iii) सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम), ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग मंत्रालयों/विभागों/सीपीएसई द्वारा खरीद के लिए किया जा रहा है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए नियमित आधार पर जेम के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

(iv) विक्रेता विकास कार्यक्रम एमएसई के लिए मंच (प्लेटफ़ॉर्म) के रूप में काम करते हैं, जहां एमएसई न केवल सीपीएसई बल्कि अन्य हितधारकों के साथ भी नेटवर्क बना सकते हैं।

(v) राष्ट्रीय एससी-एसटी हब स्कीम के अंतर्गत विशेष ऋण सम्बद्ध क्रेडिट लिंक्ड पूजी सब्सिडी स्कीम (एससीएलसीएसएस), एससी/एसटी उद्यमों के संयंत्र और मशीनरी और उपकरणों के उन्नयन और सार्वजनिक खरीद में संवर्धित भागीदारी के लिए उनके क्षमता निर्माण को बढ़ावा देती है।

****

अनुलग्नक -I

दिनांक 12.02.2026 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2088 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I

I. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों की जिला-वार संख्या

| क्र.सं. | जिले का नाम | लाभार्थियों की कुल संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंगुल | 21 |
| 2 | बौध | 2 |
| 3 | बलांगीर | 13 |
| 4 | बारगढ़ | 9 |
| 5 | बालासोर | 38 |
| 6 | भद्रक | 19 |
| 7 | कटक | 34 |
| 8 | देवगढ़ | 1 |
| 9 | ढेंकनाल | 29 |
| 10 | गंजम | 106 |
| 11 | गजपति | 33 |
| 12 | झारसुगुडा | 4 |
| 13 | जाजपुर | 21 |
| 14 | जगतसिंहपुर | 11 |
| 15 | खोरधा | 108 |
| 16 | क्योंझर | 26 |
| 17 | कालाहांडी | 13 |
| 18 | कंधमाल | 21 |
| 19 | कोरापुट | 15 |
| 20 | केंद्रपाड़ा | 7 |
| 21 | मल्कानगिरी | 5 |
| 22 | मयूरभंज | 53 |
| 23 | नबरंगपुर | 1 |
| 24 | नुआपाड़ा | 3 |
| 25 | नयागढ़ | 11 |
| 26 | पुरी | 11 |
| 27 | रायगढ़ | 11 |
| 28 | संबलपुर | 9 |
| 29 | सुबरनपुर (सोनेपुर) | 1 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 86 |
| **कुल** | | **722** |

II. एससी/एसटी लाभार्थियों की घटक-वार संख्या

| एनएसएसएच स्कीम के अंतर्गत घटक/उप-स्कीमें | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|
| क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भागीदारी | 570 |
| विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रमों में भागीदारी | 995 |
| जागरूकता कार्यक्रमों में भागीदारी | 1225 |
| बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) पोर्टल "एमएसएमई मार्ट" पर नामांकन की सुविधा प्रदान करना | 79 |
| ई-टेंडरिंग कार्यशालाओं में भागीदारी | 565 |
| विशेष विपणन सहायता योजना के अंतर्गत घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी की सुविधा प्रदान करना | 12 |
| एकल बिंदु पंजीकरण स्कीम के अंतर्गत पंजीकरण की सुविधा | 59 |
| अन्य प्रतिपूर्ति सब्सिडी | 5 |
| विशेष ऋण संबद्ध पूंजी सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत सब्सिडी | 3 |
| **सकल योग** | **3513** |

**अनुलग्नक-II**

दिनांक 12.02.2026 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2088 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-II

**ओडिशा में एनएसएसएच स्कीम के अंतर्गत आयोजित सहभागी सीपीएसई के स्थान और नाम के साथ एसवीडीपी की सूची**

| क्र.सं. | वर्ष | स्थान | भाग लेने वाले सीपीएसई का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2022-23 | तालचेर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 2 | | झारसुगुडा | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 3 | | दामनजोड़ी | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 4 | | अंगुल | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 5 | | पारादीप | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) |
| 6 | | तालचेर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 7 | | बेरहामपुर | इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) |
| 8 | | भुवनेश्वर | भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) |
| 9 | | अंगुल | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 10 | | बेरहामपुर | इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) |
| 11 | | कोरापुट | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) |
| 12 | | राउरकेला | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) |
| 13 | वर्ष 2023-24 | भुवनेश्वर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 14 | | बेरहामपुर | इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) |
| 15 | | कोरापुट | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) |
| 16 | | संबलपुर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 17 | | दामनजोड़ी | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 18 | | तालचेर | नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) |
| 19 | वर्ष 2024-25 | कोरापुट | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) |
| 20 | | दामनजोड़ी | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 21 | | भुवनेश्वर | भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) |
| 22 | | तालचेर | नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) |
| 23 | | सुंदरगढ़ | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 24 | | जयपुर | भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) |
| 25 | | भुवनेश्वर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 26 | | अंगुल | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) |
| 27 | | गंजम | इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) |
| 28 | | तालचेर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 29 | | राउरकेला | स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) |
| 30 | | कनिहा- तालचेर | नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) |
| 31 | | भुवनेश्वर | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) |
| 32 | | गंजम | इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33 | वर्ष 2025-26* | संबलपुर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 34 | | भुवनेश्वर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 35 | | संबलपुर | महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) |
| 36 | | पारादीप | पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण |
| 37 | | भुवनेश्वर | हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) |
| 38 | | भुवनेश्वर | पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (पावरग्रिड) |
| 39 | | भुवनेश्वर | इंडियन ऑयल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) |
| 40 | | भुवनेश्वर | नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (एनएएलसीओ), महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (पावर ग्रिड), इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल), नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) और ईस्ट कोस्ट रेलवे |

* दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार।